रजिस्ट्री सं. डी.--(डी एन)--73 REGISTERED NO. D--(DN)--73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 33] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 18, 1984 (श्रावण 27, 1906)
No. 33] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 18, 1984 (SRAVANA 27, 1906)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और सांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	613
भाग I—खण्ड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1049
भाग I—खंड 3—रक्षामंत्रालय द्वारा जारी किए गये संकल्पों और सांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	—
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियां आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1387
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वाराजारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपलब्धियां आदि भी शामिल हैं)	2091
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	2459
भाग II—खण्ड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	—
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सांविधिक नियम और आदेश	
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	18803
भाग III—खंड 2—पैटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	665
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	141
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें आदेश, विज्ञापन, और नोटिस शामिल हैं	2313
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्ति और गर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	125
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) .. 613

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) 1049

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence .. .. —

PART I—SECTION 4—Notification regardings Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 1387

PART II——SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills .. .. .. —

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, by-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .. 2091

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) 2459

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories) .. .. —

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .. —

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India 18803

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta .. 665

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners 141

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 2313

PAR V—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies 125

PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi .. —

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 2 अगस्त 1984

सं० 85-प्रेज/84—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं --

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री कृपाल सिंह,
पुलिस उपअधीक्षक,
39वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओ का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

नागालैण्ड की सीमा से लगा आसाम राज्य के डिपूगढ़ जिले का नामरुप औद्योगिक नगर क्षत्र विदेशियो के मसले को लेकर आन्दोलन के फैल जाने पर आसाम मे आन्दोलनकारियो की राजनैतिक और अपराधिक गतिविधियो का अड्डा बन गया ।

श्री कृपाल सिंह, पुलिस उप अधीक्षक, ने क्षेत्र मे शान्ति और अमन स्थापित करने की दृष्टि से नामरुप (आसाम) मे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कम्पनी का कार्यभार सभाला । 12 फरवरी, 1983, को उन्हे सूचना मिली की उपद्रवी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के चलते-फिरते गश्ती दल पर बोरिम्या बस्ती के निकट एच० एफ० सी० कालोनी मे अधेरे मे आक्रमण करेंगे । उन्होने उपद्रवियो के सभावित छिपने के स्थानो का अध्ययन किया और उपद्रवियो पर अचनाक आक्रमण करने की योजना बनाई । गश्ती दल ने गश्त को गहन किया और उपद्रवियो के छिपने के संदिग्ध स्थानों की छानबीन की किन्तु सफलता नही मिली । उसके बाद श्री कृपालसिंह के कमाण्ड मे दल ने घन अधेरे मे एल० पी० स्कूल परिसर मे प्रवेश किया और उन पर अचानक स्टेनगन से गोली चलाई । इसके साथ ही गश्ती दल पर दो देशी बम्ब फेंके गए उनमे से एक बहुत जोर से फटा और कान्स्टेबल राजन्द्र सिंह को लगा । श्री कृपाल सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और भारी खतरे की परवाह न करते हुए उस दिशा मे रेंगते हुए बढ़ना शुरू किया जिस तरफ से स्टेनगन से गोली चलाई गई उन्होने एक उपद्रवी को पुलिस दल पर अपनी स्टेनगन से निशाना साधते हुए देखा । वे उस तरफ दौड़े और उपद्रवी को स्टेनगन सहित पकड़ लिया पुलिस दल के अन्य सदस्य भी जल्दी ही वहां पहुंच गए। अन्य दो उपद्रवी अधेरे मे भागने मे सफल हो गए। दल ने कुछ शस्त्र और गोला-बारूद (नकदी समेत) बरामद किया ।

इस मुठभेड़ मे श्री कृपाल सिंह , पुलिस उप अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 फरवरी, 1983 से दिया जाएगा।,

सं० 87-प्रेज/84—राष्ट्रपति राजस्थान पुलिस के निम्नांकित अधिकारियो को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री हरचरण दास,
प्लाटून कमांडर,
8 वीं बटालियन, आर० ए० सी० (आई० आर)
राजस्थान ।

श्री दीप सिंह,
रसोइया,
8 वीं बटालियन,
आर ए० सी (आई० आर०)
राजस्थान ।

सेवाओ का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया ।

3 मई, 1981, को पुल प्राधिकारीयो ने महारानी और लखी पट्टी को मिलाने वाले पुल के निकट खुले स्थान में एक फिल्म शो और काली पूजा समारोह का आयोजन किया। भारी मात्रा मे दर्शको के आने की सम्भावना से महारानी चौकी में राजस्थान शस्त्र पुलिस दल के एक सहायक उप-निरीक्षक और चार सिपाहियो की शान्ति और अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने हेतु ड्यूटी पर तैनात किया गया । श्री हरचरण दास, प्लाटून कमाण्डर तथा महारानी चौकी के प्रभारी भी वहा पर उपस्थित थे।

लगभग 7 30 बजे दिनांक 3 मई, 1981 को जब फिल्म दिखाई जा रही थी श्री नकुल पाल के मकान में आग लगी हुई दिखाई दी। आग को देखकर लखीपट्टी चौकी के आर० ए० सी० के कार्मिक घटना स्थल की ओर गए और आग बुझाई । जब श्री हरचरण दास, प्लाटून कमाण्डर को आग के बारे मे सूचना दी गई, वह तुरन्त उस स्थान की ओर गए । जब वे आग के बारे मे पूछताछ कर रहे थे तो उन्होने लगभग 250–300 गज की दूरी पर श्री हीरालाल सरकार के मकान में भी आग लगी हुई देखी । वे पुलिस दल के साथ आग बुझाने हेतु तुरन्त उस ओर गए । आग पर काबू पाते समय श्री हरचरन दास ने फिल्म दिखाए जाने वाले स्थान से कुछ शोरगुल की आवाज सुनी । वे तुरन्त अपने दल के साथ उस स्थान पर गए और वहा श्री बुवासा जमातिया नामक आदिवासी को गैर आदिवासियो द्वारा निर्दयता से पीटते देखा जिसे गम्भीर चोटे आई हुई थी । अपने जीवन की परवाह न करते हुए श्री हरचरण दास आदिवासियो और पीड़ित व्यक्ति के बीच मे आ गए और अपनी लाठी से अकेले ही क्रोधित भीड़ को तितर–बितर कर दिया ।

इस बीच श्री हरचरण दास ने एक अन्य सशस्त्र गैर आदिवासियो के गिरोह को श्री बिशुनु कुमार देव बर्मा का पीछा करते तथा मारते हुए देखा । उस गिरोह ने आदिवासी को पकड़ लिया और उसकी आंखों में धूल डाली जिसके फलस्वरूप वह जमीन पर गिर पड़ा पहले पीड़ित व्यक्ति को श्री नन्दराम, कांस्टेबल, के पास छोड़कर श्री हरचरण दास ने पीड़ित व्यक्ति और गिरोह के बीच में आकर श्री देव बर्मा की जान बचाई ।

दूसरे पीडित व्यक्ति को श्री सूरजभान कांस्टेबल, के पास छोड़कर, वे पास की नदी के पुल पर विक्षिप्तता से निपटने के लिए तुरन्त गए। वहां पहुंचने पर उन्होंने श्री दीप सिंह रसोईया, को घातक हथियारों से लैस गैर आदिवासियों के गिरोह को, जो भागते हुए आदिवासी श्री प्रभात कुमार जमातिया का पीछा कर रहे थे, दूर रखे हुए पाया आदिवासी को उस गिरोह ने घेर लिया तथा उसे पीटा। श्री दीप सिंह ने अपने जीवन को खतरे में डालकर गिरोह के बीच में से अपना मार्ग बनाया और पीडित व्यक्ति के सामने खड़े होकर उसे रक्षा लिया। उन्होंने पीड़ित व्यक्ति श्री प्रभात कुमार जमातिया की तब तक रक्षा की, जब तक श्री हरचरण दास अपने पुलिस दल के साथ उनकी रक्षा करने के लिए नहीं पहुंचे। गम्भीर रूप से घायल तीनों आदिवासियों को तुरन्त अस्पताल पहुंचाया गया ।

इस तरह तीन आदिवासियों की जीवन की रक्षा करते हुए, श्री श्री हरचरण दास, प्लाटून कमाण्डर, तथा परदीप सिंह, रसोईया, ने वीरता, अनुकरणीय साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3 मई 1981 से दिया जाएगा:

सं० 88–प्रेज/84—राष्ट्रपति महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एच० एस० इरानी,
पुलिस उप–निरीक्षक ,
सी० आई० डी०,
बृहत् बम्बई।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया ।

बम्बई शहर के एक कुख्यात डकैत और अपराधी रियाजखान दाऊदखान पठान को, जो अनेक मामलों में अभियुक्त था, पुलिस ने गिरफ्तार किया । 24 जून, 1983 को, जब उसे जेल ले जाया जा रहा था तो वह पुलिस हिरासत से भागने मे सफल हो गया । 29 जून, 1983 को, रियाजखान के बारे मे पता चलने पर श्री एच एस इरानी, पुलिस उप निरीक्षक, और कर्मचारियों ने बम्बई के वामों पाडा क्षेत्र में उसे पकड़ने के लिये जाल बिछाया । पूर्वानुसार श्री इरानी ने रियाजखान को टैक्सी मे इलाके की ओर आते देखा जो समीर होटल के आगे धीमी हो गयी श्री इरानी को देखने पर रियाजखान ने चालक को धकेल कर स्टैयरिंग व्हील सम्भाला और टैक्सी की गति तेज करके भागने लगा । श्री इरानी और उसके कर्मचारियों ने जीप से टैक्सी का पीछा किया। अन्त में टैक्सी पत्थरों के ढेर पर रुकी । ज्योंही श्री इरानी टैक्सी की तरफ भागे, उसमें बैठे हुये दो व्यक्तियों ने उन पर गोलिया चलाई । श्री इरानी ने अपनी सुरक्षा के लिये जवाब में गोली चलाई। दो व्यक्ति पीछे की तरफ से उतरे और उत्तर दिशा की ओर भागने लगे। कर्मचारियों ने उनका पीछा किया इसी बीच रियाजखान टैक्सी से उतरे और श्री इरानी पर पिस्तौल तान कर उन्हें गम्भीर परिणामों की चेतावनी दी । जैसे ही रियाजखान श्री इरानी पर गोली चलाने लगा, श्री इरानी ने उससे पहले उस पर गोली चला दी। रियाजखान को गोली लगी और अन्य कर्मचारियों की सहायता से उसे दबोच लिया गया और निरस्त्र कर दिया गया।

इस मुठभेड में श्री एच एस० इरानी ,पुलिस उप निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 जून, 1983 से दिया जाएगा।

सु० नीलकण्ठन, राष्ट्रपति का उप सचिव

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

कम्पनी कार्य विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 27 जुलाई 1984

स० 27(12)84–सी० एल०–2—कम्पनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 209–क के खण्ड (ii) उपखण्ड (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कम्पनी कार्य विभाग में श्री एस० के० साह निरीक्षण अधिकारी को उक्त धारा 209 क के उद्देश्यों के लिये प्राधिकृत करती है ।

सी० एल० प्रथम अवर सचिव,

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 27 जून 1984

सं० 2/84 सं० क–12018/1/81–प्रशा०–II ख—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नारकोटिक्स विभाग मे कुछ समूह 'ख' पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :–

   1. इन नियमों का नाम नारकोटिक्स विभाग (समूह 'ख' पदों) भर्ती नियम 1984 है ।

   2. ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. पद संख्या वर्गीकरण और वेतनमान :–

   उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतनमान वह होगा जो इससे उपबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति आयु सीमा और अन्य अर्हतायें आदि :–
   उक्त का भर्ती की पद्धति आयु सीमा, अर्हतायें और उससे सम्बन्धित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 में विनिर्दिष्ट है ।

4. निरर्हताएं :–

   वह व्यक्ति नहीं ।

   (क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या

   (ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन में छूट दे सकेगी ।

5. शिथिल करने की शक्ति :–

   जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक है या जहां समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के उपबन्धों को संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श द्वारा किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेंगे ।

6. व्यावृत्ति:–

   इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिसका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है ।

(सारणी)

पद का नाम	पद की सं०	वर्गीकरण	वेतनमान	प्रवरण या अप्रवरण	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु की सीमा	के० सि०से० (पेंशन) नियम 1972 के नियम 309 के अधीन सेवा में जोड़े हुए वर्ष का लाभ अनुमत्य होगा या नहीं,	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हतायें	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होगी या नहीं	परीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति/सीधे भर्ती होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति द्वारा/क्या विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत अनुपात	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा।	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने के लिए परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
जिला अफीम अधि० एक्स–27	41* (1983)	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' राजपत्रित अलिपिकीय	650–30–740–35–810–द० रो० 35–880–40–1000 द० रो० –40–1200.	प्रवरण	लागू नही होता	लागू नहीं होता	लागू नही होता	लागू नही होता	2 वर्ष	प्रोन्नति द्वारा इसके अभाव में स्थानान्तरण प्रतिनियुक्ति द्वारा	प्रोन्नति निरीक्षकों (सामान्य श्रेणी) ग्रेड में 8 वर्षों की नियमित सेवाकाल जिसमें उस सेवा को सम्मलित किया जाएगा, यदि कोई है, जो निरीक्षक (वरिष्ठ ग्रेड) के ग्रेड में की गई है । प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण के विषय में :– केन्द्रीय उत्पादन शुल्क विभाग में अधीक्षक केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समूह 'ख' के पद धारण करने वाले या केन्द्रीय उत्पादन शुल्क निरीक्षक जिनकी इस ग्रेड में 8 वर्ष की सेवा हो (प्रतिनियुक्ति की अवधि उसी संगठन/विभाग में नियुक्ति से तत्काल पहले अय संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यत: 3 वर्ष से अधक नही होगी ।	समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति:– 1. सदस्य केन्द्रीय सीमा शुल्क तथा उत्पादन शुल्क अध्यक्ष 2. नारकोटिक्स आयुक्त सदस्य 3. केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क बोर्ड के अधीन निदेशालयों में से एक निदेशक सदस्य 4. सचिव (प्रशा०) अवर सचिव केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क सदस्य	पद पर अधिकारी की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है ।
अनुसूचना अधि०	2												
अधीक्षक (कार्यकारी)	9												
बिक्री प्रबन्धक	2												
उप प्रबन्धक	1												
	41												

* कार्यभार पर निर्भर करते हुए इसमे गड़बड़ हो सकती है।

एस० पी० कुण्डू, अवर सचिव

(औद्योगिक विकास विभाग)

तकनीकी विकास महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 7 जुलाई, 1984

संकल्प

सं० डी० डब्ल्यू० आई–64(84) डब्ल्यू० पी०—27–3–84 के संकल्प संख्या डी० डब्ल्यू० आई–64(84)/डब्ल्यू० पी० के क्रम में, पहले संकल्प के जारी होने की तिथि से 2 वर्ष की अवधि के लिए काष्ठ उद्योगों की विकास नामिका में निम्नलिखित और व्यक्तियों को शामिल करने का निर्णय किया है :–

1. प्रतिनिधि,
पेट्रोलियम विभाग,
ऊर्जा मंत्रालय,
शास्त्री भवन,
नई दिल्ली ।

2 दी साउथ इण्डियन प्लाईवुड मैन्युफैक्चरर्स
एसोसिएशन, टी० सी०/12/1630,
ब्रिगड लेन, विकास भवन,
त्रिवेन्द्रम –695033,
केरल राज्य –
श्री ए० के० केडरकुट्टी ।

3. मैसर्स आसाम प्लाईवुड मैन्युफैक्चरर्स,
एसोसिएशन, प्रभातिया कॉलोनी,
पं० आ० तिनसुकिया,
आसाम।
अध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधि

4. श्री के० एस० नायर
कार्यकारी निदेशक,
फेडरेशन आफ इण्डियन प्लाईवुड
एण्ड पेनल इण्डस्ट्रीज
एच-ब्लाक, कनाट सर्कस
इन्दिरा प्लेस,
नई दिल्ली–110001

5. श्री एम० एम० जालान,
अरुणाचल प्लाईवुड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड,
62, बालीगंज, सरकुलर रोड,
कलकत्ता–700019

6. श्री एल० एन० दोकानिया,
प्रबन्ध निदेशक,
मैं० वुडक्राफ्ट प्राडक्ट्स लिमिटेड,
9/1, आर० एन० मुकर्जी रोड,
7वां तल,
कलकत्ता–700001 ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि आम सूचना के लिये इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

के० सी० गंजवाल, निदेशक (प्र०)

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 24 जुलाई 1984

संकल्प

स० 6-1-84–वानिकी (समन्वय)—भारत सरकार ने केन्द्रीय वानिकी बोर्ड का तत्काल से पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है, ताकि बोर्ड को व्यापक आधार दिया जा सके और सरकार के अन्तर्गत तथा उससे बाहर के संबंधित संगठनों और व्यक्तियों के योगदान के लिए अधिक से अधिक गुंजाइश हो सके ।

केन्द्रीय वानिकी बोर्ड तथा उसकी स्थाई समिति का संशोधित गठन तथा उनके विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे :—

1– केन्द्रीय वानिकी बोर्ड :—

1. केन्द्रीय कृषि मंत्री	अध्यक्ष
2. भारत सरकार के निम्नलिखित प्रत्येक मंत्रालय/विभाग से एक मंत्री	सदस्य
1. गृह मंत्रालय	
2. शिक्षा मंत्रालय	
3. ऊर्जा मंत्रालय	
4. वित्त मंत्रालय	
5. उद्योग मंत्रालय	
6. ग्राम विकास मंत्रालय	
7. पर्यावरण विभाग	
3. सदस्य (कृषि), योजना आयोग	सदस्य
4. सभी राज्यों के प्रभारी वन मंत्री	सदस्य
5. सभी संघ राज्य क्षेत्रों के प्रभारी वन मंत्री/मुख्य आयुक्त/प्रशासक (जैसा भी मामला हो)	सदस्य
6. लोक सभा के दो संसद सदस्य	सदस्य
7. राज्य सभा से एक संसद सदस्य	सदस्य
8. वानिकी, भूमि और/अथवा जल से संबंधित प्रमुख स्वैच्छिक एजेंसियों/निकायों और/अथवा व्यावसायिक संगठनों के पांच प्रतिनिधि, जिन्हें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर नामजद किया जाएगा ।	सदस्य
9. दो प्रसिद्ध गैर–सरकारी व्यक्ति, जिन्हें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर नामजद किया जाएगा'	सदस्य
10. भारत सरकार के कृषि, ग्राम विकास, शिक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण, वित्त, गृह, उद्योग और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी सचिव	सदस्य
11. महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद	सदस्य
12. वन महानिरीक्षक, भारत सरकार	सदस्य
13. अध्यक्ष, वन अनुसंधान संस्थान तथा महाविद्यालय, देहरादून	सदस्य
14 वन्य प्राणि विशेषज्ञ	सदस्य
15. अपर वन महानिरीक्षक, भारत सरकार	सदस्य-सचिव

सदस्यता :

(1) अपने पद अथवा अपनी नियुक्ति के कारण सदस्यता प्राप्त करने वाले सदस्यों के अलावा अन्य सदस्य चार वर्ष की अवधि के लिए अथवा उनकी उस संगठन की जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं, सदस्यता समाप्त हो जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, अपने पद पर कार्य करते रहेंगे ।

(2) बोर्ड में मानजद किया गया संसद सदस्य इस पद पर चार वर्षों तक कार्य करता रहेगा, बशर्ते कि संसद का विघटन हो जाने पर उनकी सदस्यता समाप्त न हो जाए अथवा अन्य किसी वजह से उनकी संसद में सदस्यता समाप्त न कर दी जाए।

(3) सदस्य की मृत्यु हो जाने अथवा उसके द्वारा त्याग-पत्र दिये जाने अथवा विक्षिप्त हो जाने अथवा दिवालिया घोषित किए जाने अथवा नैतिक चरित्रहीनता के अपराध में अदालत द्वारा

अपराधी घोषित किए जाने पर उसे बोर्ड के सदस्य के पद से हटा दिया जाएगा ।

(4) उपरोक्त किसी कारण से हुई सदस्यता की रिक्ति को इस प्रकार की नियुक्ति/नामांकन करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति/नामांकन के जरिए भरा जाएगा ।

भूमिका तथा कार्य

(1) बोर्ड का मुख्य कार्य केन्द्रीय और राज्य सरकारों/संघ राज्य-क्षेत्र प्रशासनों को वन संरक्षण और प्रबंध संबंधी मामलों तथा समय-समय पर उठने वाले सम्बद्ध मामलों के संबंध में सहायता देना तथा सलाह देना। बोर्ड अपनी भूमिका अदा करने के लिए विशेष रूप से निम्नलिखित से संबंध रखेगा :—

(1) राष्ट्रीय वन नीति,
(2) वन संरक्षण तथा विकास संबंधी विधान
(3) वन संबंधी अन्तर्राज्यीय मामले
(4) वानिकी अनुसंधान तथा शिक्षा के विस्तृत इलाकों की पहचान
(5) वानिकी के क्षेत्र में विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा वानिकी कार्यक्रमों का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक प्रयास की सिफारिश करना ।
(6) बोर्ड द्वारा अभिज्ञात किए गए राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों का अध्ययन करने के लिए समितियों/उप-समितियों/कार्यकारी दलों की नियुक्ति करना ।

बोर्ड की बैठक

बोर्ड की वर्ष में कम से कम एक बैठक अवश्य होगी । बोर्ड के गैर-सरकारी सदस्यों को बोर्ड और/अथवा उसकी समितियों/उप समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए भारत सरकार के वर्ग-I के अधिकारियों के लिए मौजूदा आदेशों के अनुसार यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता दिया जाएगा ।

2. केन्द्रीय वानिकी बोर्ड की स्थाई समिति

1. केन्द्रीय कृषि मंत्री या कृषि राज्य मंत्री	अध्यक्ष
2. राज्यों के तीन वन प्रभारी मंत्री, जिनकी नामजदगी केन्द्रीय वानिकी बोर्ड द्वारा एक समय में दो वर्ष की अवधि के लिए बारी-बारी से की जायेगा	सदस्य
3. एक संसद सदस्य (बोर्ड में नामजद किये गये सदस्यों में से)	सदस्य
4. गृह, वित्त, ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि (संबंधित सचिव के स्तर के नीचे के नहीं)	सदस्य
5. सचिव (कृषि और सहकारिता) भारत सरकार	सदस्य
6. महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद	सदस्य
7. वन महानिरीक्षक, भारत सरकार	सदस्य
8. अध्यक्ष, वन अनुसंधान संस्थान तथा महाविद्यालय, देहरादून	सदस्य
9. वन्य प्राणी विशेषज्ञ	सदस्य
10. अपर वन महानिरीक्षक, भारत सरकार	सदस्य-सचिव

भूमिका तथा कार्य

बोर्ड की सिफारिशों के क्रियान्वयन पर निगरानी रखना तथा [illegible] उभरने वाले किसी भी मामले पर केन्द्रीय और राज्य सरकारों को सहायता करना तथा उन्हें सलाह देना;

2. बोर्ड द्वारा समय-समय पर दिये गये सभी कार्यों को करना और बोर्ड का सत्र न होने पर बोर्ड की ओर से कार्यवाही करना; और

3. बोर्ड के कार्यों को उचित रूप से करने के लिये समय समय पर आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ समितियों/उप समितियों तथा अध्ययन दलों का गठन करना ।

स्थाई समिति की बैठकें

स्थाई समिति की कम से कम छः माह में एक बैठक होगी तथा हर हालत में इसकी बैठक केन्द्रीय बोर्ड की बैठक से पहले होगी ।

यह इस विषय पर पहले जारी किये गये सभी संकल्पों के अधिक्रमण में है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग तथा भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक सहित सभी संबंधितों को भेज दी जाये ।

आदेश दिया जाता है कि सर्व साधारण की जानकारी के लिये संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

दिनांक 28 जुलाई 84

परिशिष्ट

सं० 8-1/84-वानिकी (एम०)—हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में भारत-जर्मन धौलाधार परियोजना की प्रगति की संवीक्षा करने और उसके कार्यान्वियन का प्रबोधन करने के लिए कृषि मंत्रालय में एक केन्द्रीय प्रबोधन समिति का गठन करने के संबंध में इस मंत्रालय के दिनांक 31 मई, 1984 के समसंख्यक संकल्प में आंशिक संशोधन करते हुए, उक्त संकल्प के पैरा 2 में निम्नलिखित को जोड़ा जाए:—

(4) निदेशक (आई० सी०)
कृषि मंत्रालय
(कृषि और सहकारिता विभाग) सदस्य

मौजूदा "(4)" को "(5)" पढ़ा जाए ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि परिशिष्ट की एक प्रति सभी संबंधितों को भेजी जाए ।

यह आदेश दिया जाता है कि परिशिष्ट को सामान्य सूचना हेतु भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाए ।

समर सिंह, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली दिनांक 27 जुलाई 1984

संकल्प

सं० 17-1/84-एल० डी०-1—इस मंत्रालय के दिनांक 9 फरवरी, 1984 के संकल्प संख्या 17/1-84 एल० डी०-1 में आंशिक संशोधन करते हुए, भारत सरकार ने श्री ए० आर० शिराली, भारत के भूतपूर्व उप महालेखापरीक्षक को आपरेशन फलड-2 परियोजना की मूल्यांकन समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया है । अन्य सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी ।

विष्णु भगवान, संयुक्त सचिव

शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय

(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 26 जून, 1984

संकल्प

भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग संविधान 1984

फा० सं० 32-34/84-आयलेरी—इस मंत्रालय के संकल्प संख्या एफ० 22-1-74-सी० ए० आई० (2) दिनांक 1 नवम्बर, 1974 का अधिक्रमण करते हुए, भारत सरकार ने उपबंध के अनुसार भारत सरकार

ने उपाबंध के अनुसार भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग के पुनर्गठन का निर्णय किया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र भाग–I खण्ड 1, में प्रकाशित किया जाए।

रतन चन्द सूद, अवर सचिव

उपाबंध

संस्कृति विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 26 जून 1984

संकल्प

भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग, 1984

फा० सं०-32–34/84– लाईब्रेरी—भारत सरकार ने सन् 1919 में भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग को एक परामर्श-निकाय के रूप में स्थापित किया, जिसकी राय जनता मानेगी और जो निम्नलिखित विषयों पर पूछताछ करके अपने अभिस्ताव (सिफारिशें) प्रस्तुत करेगा:

(1) ऐतिहासिक अध्ययन के लिये पुरालेखों की व्यवस्था (साधन),

(2) किस अनुमाप (पैमाने) पर और किस अभियोजना के अन्तर्गत प्रलेखों के प्रत्येक वर्ग के सूचीपत्र और प्रलेख-क्रम (कलैण्डर) बनाने और उनका पुनर्मुद्रण करने का कार्य लिया जाना चाहिये

(3) अभिलेखों में अनुसंधान प्रोत्साहित करने और उनका प्रकाशन करने के लिए अपेक्षित धन-राशि,

(4) प्रलेखों का प्रकाशन करने के लिए सक्षम विद्वानों का चुनाव और

(5) अभिलेखों तक जनता की पहुंच की समस्यायें (शिक्षा विभाग संकल्प 77 दिनांक 21 मार्च 1919) आयोग के कार्यकलाप में भारत की विभिन्न राज्य सरकारों विश्वविद्यालयों और विद्वत्संस्थाओं का सक्रिय सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने अपने शिक्षा स्वास्थ्य और भूमि विभाग संकल्प सं० फा० 92–9/40 ई, दिनांकित 16 सितम्बर, 1941 द्वारा आयोग के संविधान में सुधार करने के लिए पग उठाये और इसमें भारत की विभिन्न राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों एवं विद्वत संस्थाओं के मनोनीत व्यक्तियों के आयोग में सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में उपबंध (प्रावधान) किये।

आयोग अपने आरम्भ काल से अब तक 48 सत्र कर चुका है और उसने पुरालेखों के संरक्षण और उपयोग में जनता की अभिरुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत सरकार यह प्रस्वीकृत करती है कि आयोग और उसकी विभिन्न समितियों के उपक्रमणों से सूचना के अनेक नये स्रोत प्रकाश में लाये गये और भावी संतति के लिये बचा लिये गये अनेक प्रलेख संग्रह प्रकाशित किये गये और विद्वानों के लिये सुलभ बना दिये गये अभिलेखों का उपयोग करने की सुविधायें सारतः बढ़ा दी गई हैं और ऐतिहासिक साक्ष्य की पवित्रता के सम्बन्ध में जनता के मन में एक नई जागृति उत्पन्न कर दी गई है। जहां भारत सरकार आयोग की इन तथा दूसरी उपलब्धियों का बहुत अधिमूल्यन करती है वहां साथ ही साथ यह भी अनुभव करती है कि अभी और बहुत कुछ करना है और एक बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण समस्याएं। भविष्य में सुलझाने के लिये खड़ी है। अनेक अभिलेख संग्रहों की तो अभी कोई संदर्शिका (गाइड) ही नहीं बनी है उनकी विस्तृत विवरणात्मक सूचियां होने की तो बात ही क्या और बहुत कम शासकीय अथवा शासनेतर अभिलेख निक्षेपागार हैं जिन्होंने अभी तक प्रलेख-प्रकाशन का एक सुस्पष्ट कार्यक्रम विकसित (तैयार) किया है। अधिकतर संग्रह अवर्भा आद्य अवस्थाओं में रखे जाते हैं और वे विनाशी कीटों, फंफूदों एवं अन्य विनाशी तत्वों (एजेण्टों, के ध्वंसों के शिकार होते है, शासनेतर अभिरक्षा में वर्तमान अभिलेखों का, विशेषतः संस्थागत धार्मिक और वाणिज्यिक सद्भाव के अभिलेखों का सर्वेक्षण, वर्णन, आयोजन अथवा उपयोग करने का बहुत कम क्रमबद्ध प्रयत्न किया गया है। देश में प्रशिक्षित पुरालेखपालों की कमी के कारण पुरालेखीय कार्य में अबाध रूप से गम्भीर रुकावटें पड़ती आ रही हैं। राष्ट्रीय अभिलेखागार में उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं से पुरालेखीय संग्रहों के स्वामियों में पर्याप्त उत्साह का संचार न हो सका। सरकार का विश्वास है कि राष्ट्र के आधिविद्य–जीवन में यह एक बड़ा अन्तराल (रिक्तता) है और अभिलेखों और ऐतिहासिक सामग्रियों के अभिरक्षकों और उपयोगकर्ताओं के बीच अधिक गहन और अधिक हार्दिक सहयोग ही केवल मात्र साधन है जिसके द्वारा ये कमियां दूर की जा सकती हैं।

3. इस प्रकार के सहयोग को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार संस्कृति विभाग संकल्प सं० फा० 22–1/74–सी० ए०-1(2) दिनांक 1 नवम्बर, 1974 और इस विषय पर विद्यमान सब पूर्ववर्ती संकल्पों का अधिलंघन करते हुए आयोग का निम्नलिखित प्रकार से पुनर्गठन करने की सहर्ष स्वीकृति (संमोदन) देती है:

आयोग के निम्नलिखित सदस्य होंगे:

क– पदेन सदस्य

1. शिक्षा तथा संस्कृति मंत्री, भारत सरकार।	अध्यक्ष
2. सचिव, शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार।	सदस्य
3. अपर सचिव, संस्कृति विभाग, भारत सरकार।	सदस्य
4. अभिलेख निदेशक, भारत सरकार।	सचिव
5. अभिलेख उप/सह निदेशक, भारत सरकार। (जो आयोग के कार्य से संव्यवहार करते हैं)	संयुक्त सचिव

ख– भारत सरकार के मनोनीत व्यक्ति

ये बीस अग्रगणीय इतिहासकार और पुरालेखपाल होंगे और भारत सरकार इन्हें इनके अभिलेख व्यवस्था (साधन) संबंधी विशेषोपयुक्त और भारतीय इतिहास की पश्च–1600 अवधि पर किये कार्य के आधार पर नियुक्त करेगी।

ग– केन्द्रीय सरकार और अर्द्धशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि:

1. विदेश (परराष्ट्र) मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. गृह मंत्रालय, नई दिल्ली,
3. प्रतिरक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली।
4. कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, मंत्रीमण्डल सचिवालय, नई दिल्ली।
5. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली।
6. शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय (वित्तीय सलाहकार)
7. सामाजिक–आर्थिक अनुसंधान संस्थान, जनगणना एवं जनसंख्या अध्ययन एकक, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, 203 बैरकपुर, ट्रंक रोड, कलकत्ता।

घ– राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि.

जिन राज्य सरकारों,/संघशासित प्रदेशों का अपना निजी संघटित अभिलेख निक्षेपागार है उनमें से प्रत्येक का एक मनोनीत व्यक्ति जो सदैव उस राज्य/संघशासित प्रदेश पुरालेख अभिरक्षक होगा।

2 प्रादेशिक अभिलेख सर्वेक्षण समितियां

जिन राज्यों/संघशासित प्रदेशों की विभिन्न प्रादेशिक अभिलेख सर्वेक्षण समितियों का संघटित अभिलेख निक्षेपागार नहीं है उनमें से प्रत्येक का एक प्रतिनिधि ।

ङ—विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि जो भारतीय इतिहास की पश्च-1600 अवधि का इतिहास पढ़ाते हैं —

भारत के नीचे उल्लिखित प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक मनोनीत व्यक्ति भारतीय इतिहास की पश्च 1600 अवधि पढ़ाता हो और मूल अभिलेखों में अनुसंधान करने और उनका प्रकाशन करने के कार्य को उत्साहित करता हो एवं अपना पुरालेखागार संघटित करने में तथा शासनेतर और अर्द्धशासकीय अभिरक्षा में विद्यमान अभिलेखों का सर्वेक्षण और समन्वेषण करने में आयोग के साथ सहयोग करता हो

(1) आगरा विश्वविद्यालय,

(2) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय,

(3) इलाहाबाद विश्वविद्यालय,

(4) आन्ध्र विश्वविद्यालय,

(5) अन्नामालय विश्वविद्यालय,

(6) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,

(7) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

(8) बंगलौर विश्वविद्यालय,

(9) बरहमपुर विश्वविद्यालय,

(10) भागलपुर विश्वविद्यालय,

(11) भोपाल विश्व विद्यालय,

(12) बिहार विश्वविद्यालय,

(13) बम्बई विश्वविद्यालय,

(14) बर्दवान विश्वविद्यालय,

(15) कलकत्ता विश्वविद्यालय,

(16) दिल्ली, विश्वविद्यालय,

(17) विक्रमगढ़, विश्वविद्यालय,

(18) गोहाटी विश्वविद्यालय,

(19) गोरखपुर विश्वविद्यालय,

(20) गुजरात विश्वविद्यालय,

(21) गुजरात विद्या पीठ,

(22) गुरुनानक विश्वविद्यालय,

(23) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,

(24) इंदौर विश्वविद्यालय,

(25) जबलपुर विश्वविद्यालय

(26) जादवपुर विश्वविद्यालय

(27) जामिया मिलिया इस्लामिया,

(28) जम्मू विश्वविद्यालय,

(29) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय,

(30) जीवाजी विश्वविद्यालय,

(31) जोधपुर विश्वविद्यालय,

(32) कर्नाटक विश्वविद्यालय,

(33) काशी विद्यापीठ

(34) कश्मीर विश्वविद्यालय,

(35) केरल विश्वविद्यालय,

(36) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,

(37) लखनऊ विश्वविद्यालय,

(38) मद्रास विश्वविद्यालय,

(39) मगध विश्वविद्यालय,

(40) महाराजा सैयाजी राव विश्वविद्यालय,

(41) मराठवाड़ा विश्वविद्यालय,

(42) मेरठ विश्वविद्यालय,

(43) मैसूर विश्वविद्यालय,

(44) नागपुर विश्वविद्यालय,

(45) उत्तरी बंगाल विश्वविद्यालय,

(46) पटना विश्वविद्यालय,

(49) पूना विश्वविद्यालय,

(50) पंजाबी विश्वविद्यालय,

(51) रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय,

(52) राजस्थान विश्वविद्यालय,

(53) रविशंकर विश्वविद्यालय,

(54) सागर विश्वविद्यालय,

(55) सम्बलपुर विश्वविद्यालय,

(56) सरदार पटेल विश्वविद्यालय,

(57) सौराष्ट्र विश्वविद्यालय,

(58) शिवाजी विश्वविद्यालय,

(59) श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय,

(60) सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर,

(61) उत्कल विश्वविद्यालय,

(62) विक्रम विश्वविद्यालय,

(63) विश्व भारती,

(64) मदुरई कामराज, विश्वविद्यालय,

(65) रांची विश्वविद्यालय

च—विद्वत्संस्थाओं के प्रतिनिधि

1. भारतीय इतिहासमहासभा (कांग्रेस)।
2. एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता।
3. एशियाटिक सोसायटी, बम्बई।
4. भारत इतिहास संशोधक मण्डल, पुणे।
5. गोखले रिसर्च इंस्टिट्यूट आफ पोलिटिक्स एण्ड इकोनोमिक्स, पुणे।
6. इण्डियन इंस्टिट्यूट आफ एडवान्स्ड स्टडीज, शिमला।
7. नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एण्ड लाइब्रेरी, नई दिल्ली।
8. इण्डियन कौन्सिल आफ हिस्टोरिकल रिसर्च, नई दिल्ली
9. इंस्टिट्यूट दे चन्द्रनगर, चन्द्र नगर, (पश्चिमी बंगाल)
10. हेरास इंस्टिट्यूट आफ इंडियन हिस्ट्री एण्ड कल्चर, बम्बई
11. इंडियन इंस्टिट्यूट आफ इस्लामिक स्टडीज, नई दिल्ली,
12. ऐसोसिएशन आफ इंडियन आर्कीविस्ट, नई दिल्ली।
13. इंस्टिट्यूट आफ हिस्ट्री एण्ड एन्टीक्वेरियन स्टडीज इन आसाम, गोहाटी।
14. इंडियन इंस्टिट्यूट आफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद।
15. श्री नातनगर शोध संस्थान, सीतामऊ।
16. महाराजा सवाई मानसिंह- म्यूजियम, जबलपुर।
17. जिनिओलिजिकल सोसायटी आफ उटा, नई दिल्ली।

छ—तत्संबद्ध (कारेस्पोण्डिंग) सदस्य :

इस संवर्ग के सदस्यों का चुनाव भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों तक, जो सक्रिय रूप से अभिलेखों में अभिरुचि रखते हैं, सीमित रहेगा। इस अभिरुचि का साक्ष्य केवल पर्याप्त योग्यता की प्रकाशित कृति ही मानी जायेगी। तत्संबद्ध सदस्यों का चुनाव और उनकी नियुक्ति भारत सरकार करेगी।

4. भारत सरकार चाहती है कि राज्य सरकारों के मनोनीत व्यक्ति ऐसे हों, जो पूर्णतया पुरालेख और पुरालेखीय प्रविधियों से परिचित हों और विश्वविद्यालयों, विद्वत्संस्थाओं तथा अन्य अनुसंधान निकायों के मनोनीत व्यक्ति आधिविद्य श्रेष्ठता वाले व्यक्ति हों जिन्हें भारतीय इतिहास की पश्च 1600 अवधि में पर्याप्त अच्छा मौलिक अनुसंधान करने का श्रेय प्राप्त हो। भारत सरकार द्वारा इन सब निकायों के मनोनीत व्यक्तियों के मनोनियम अधिसूचित कर दिये जाने के पश्चात ये लोग आयोग के सदस्य बन जाते

5. I पदेन सदस्यों से भिन्न आयोग के सदस्य और उसके सब तत्संबद्ध सदस्य निम्नलिखित रूप से पांच वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किये जायेंगे :—

(1) सब नियुक्तियां और पुनर्नियुक्तियां पांच वर्ष की पूर्ण अवधि के लिए समूहशः (एन ब्लाक) उसी दिनांक से की जायेंगी, किन्तु अवधि के समाप्त होने पर सदस्य पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र होंगे।

(2) पांच वर्ष की उक्त अवधि में जो रिक्ति त्याग पत्र देने के परिणामस्वरूप अथवा अन्य कारणवशात् होगी वह पांच वर्ष की पूर्ण अवधि के लिये नहीं अपितु केवल अवधि के अनवसित भाग के लिए पूर्ति की जायेगी।

II. आयोग के कार्यकलाप का क्षेत्र निम्नलिखित तक सीमित रहेगा:

(1) पुरालेखों और ऐतिहासिक प्रलेखों के स्रष्टाओं, अभिरक्षकों और उपयोगकर्ताओं के बीच पुरालेख साधन, पुरालेख परिरक्षण और पुरालेख उपयोग के सम्बन्ध में विचारों एवं अनुभवों के आदान प्रदानार्थ एक विचार स्थल (फोरम) का काम करना और इस प्रयोजन के लिए समुपयुक्त शासकीय अथवा शासनेतर निकायों (बोडीज) को अपनी सिफारिशें भेजना।

(2) अन्वेषण की अपेक्षा रखनेवाली ऐतिहासिक समस्याओं से सम्बन्ध रखनेवाले विशेषकर उन समस्याओं से सम्बन्ध रखनेवाले जिन पर थोड़ा अथवा कुछ भी काम नहीं किया गया है, पुरालेखों पर चर्चा के लिये वाद स्थल (फोरम) का काम करना और (उस संबंध में) आधिविद्य सत्र (ऐकेडेमिक सेशन) करना। इस आधिविद्य सत्र में हाल में पता लगाये गये भारतीय इतिहास की पश्च 1600 अवधि के मूल अभिलेखों पर आधारित लेख पढ़े जाएं और उन पर चर्चा की जाये। ये लेख या तो आयोग के सदस्यों द्वारा लिखे जाने चाहियें या यदि दूसरे विद्वानों द्वारा लिखे जायें तो आयोग के सदस्यों द्वारा भेजे जाने चाहिए। सब ऐसे लेख इस प्रयोजन के लिये बनाई जानेवाली एक सम्पादकीय समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् प्रथमतः ही परिचालित किये जाने चाहियें।

(3) विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों, संग्रहालयों, विद्वत्संस्थाओं और विशेषतः प्रादेशिक अभिलेख सर्वेक्षण समितियों और . प्रकार के स्थानीय निकायों (बोडीज) के सहयोग से शासनेतर और अर्धशासकीय अभिरक्षा में वर्तमान सामग्रियों क (जिनमें संस्थागत, धार्मिक और व्यावसायिक अभिलेख भी सम्मिलित हैं) विनाश से रक्षा करने और उनका उपयोग करने के कार्य को बढ़ावा देना। और इस क्षेत्र में कि. गये काम पर सूचना के लिए एक समाशोधन-गृह (क्लीयरिंग हाउस) का काम करना।

(4) अभिलेख एवं ऐतिहासिक पाण्डुलिपि निक्षेपगारों और अ. संधान में अभिरुचि रखनेवाले निकायों (बोडीज) के बीच में सामान्यतया एक मध्यम (बिचौलिया) का काम करना

(5) कार्यवाहियां (प्रोसीडिंग्ज) और विवरणिकायें (बुलेटिन्स) प्रकाशित करना, जिनमें आयोग के कार्यकलाप और उ. उद्देश्य को बढ़ावा देनेवाली दूसरी बातों का प्रतिवेद. सम्मिलित हो।

III. सामान्यतया आयोग का सत्र वर्ष एक बार हुआ करेगा और सत्र स्थल के लिये ऐसा स्थान चुना जायेगा जो पुरालेखीय सामग्रियों में समृद्ध हो । प्रत्येक सत्र में निम्नलिखित समाविष्ट होना चाहिये ।

(1) सचिव द्वारा देश में की गई पुरालेखीय प्रगति पर प्रस्तुत किये जाने वाले प्रतिवेदन के संबंध में एक सार्वजनिक बैठक होगी ।

(2) सचिव के प्रतिवेदन पर एवं सदस्यों द्वारा आयोग को निर्दिष्ट की गई (भेजी गई) पुरालेख अभिरक्षण और पुरालेख उपयोग संबंधी समस्याओं पर चर्चा करने तथा विभिन्न निकायों (बोडीज) द्वारा आयोग के संरक्षण में लिये गये कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिये एक कार्य बैठक होगी ।

(3) भारतीय इतिहास की पश्च 1600 अवधि के मूल अभिलेखों पर आधारित लेख पढ़ने और उन पर चर्चा करने के लिए एक आधिविद्य सत्र (एकेडेमिक सेशन) होगा । इस प्रकार के सत्रों में अभिरुचि रखनेवाले जनसाधारण भी सम्मिलित हो सकेंगे । तत्संबद्ध (कोरेस्पांडिंग) सदस्य, आयोग की कार्य बैठकों को छोड़कर, सभी बैठकों में सम्मिलित हो सकेंगे । कार्य बैठकों में वे विशेष आमन्त्रण पर ही सम्मिलित हो सकते हैं ।

पदेन अध्यक्ष आयोग की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे । किन्तु अपनी अनुपस्थिति में अध्यक्ष के रूप में काम करने के लिए एक वरिष्ठ सदस्य का मनोनीत करने का उन्हें अधिकार होगा ।

6. स्थायी समिति :—

आयोग अनुसंधान की अपेक्षा रखनेवाली विशिष्ट समस्याओं से संव्यवहार करने के लिए एक अथवा एक से अधिक समितियां नियुक्त कर सकता है । ये समितियां अपने प्रतिवेदन आयोग को भेजेंगी ।

भारत सरकार निम्नलिखित संरचना और प्रकार्यों वाला एक स्थायी समिति बनायगी :

1. संरचना:

(क) सचिव, शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय,	पदेन सभापति
(ख) अपर सचिव, संस्कृति विभाग	पदेन उप सभापति
(ग) भारत सरकार द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए मनोनीत किये जानेवाले बारह सदस्य । ये सदस्य पुनर्मनोनयन के लिए पात्र होंगे ।	
(घ) अभिलेख निदेशक, भारत सरकार ।	पदेन सचिव
(ङ) अभिलेख उप/सह निदेशक, भारत सरकार ।	पदेन संयुक्त सचिव ।

(जो आयोग से संव्यवहार करते हैं)

II. प्रकार्य:

स्थायी समिति भारतीय अभिलेख आयोग द्वारा समय-समय पर की गई सिफारिशों पर की गई कार्रवाई का पुनर्विलोकन करेगी, अपने पास भेजे गये सब प्रतिवेदनों और मदों पर विचार करेगी, आयोग की बैठक की कार्यावलि (एजेण्डा) पर अपने विचार प्रकट करेगी जो भारत सरकार अथवा आयोग के अध्यक्ष उसे देंगे । साधारणतः एक वर्ष में दो बार बैठक होगी ।

7. पदेन अध्यक्ष, सचिव, शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय (पदेन अध्यक्ष स्थायी समिति), अवर सचिव, संस्कृति विभाग (पदेन उपाध्यक्ष स्थायी समिति), आयोग के सचिव तथा संयुक्त सचिव और भारत सरकार के नामित (जनका उपर्युक्त पैरा 3 (क,ख) में उल्लेख किया गया है और स्थायी समिति के ऐसे सदस्यों, जोकि सरकारी अधिकारी है और आयोग और इसकी समितियों की बैठक (ों) में भाग लेते हैं, को यात्रा भत्ता केन्द्रीय राजस्व में प्राप्त होगा और खर्च का उसके वेतन के रूप में उसी शीर्ष के नाम में डाला जायेगा ।

8. भारत सरकार द्वारा सदस्यों के रूप में मनोनीत शासनेतर व्यक्तियों को और स्थायी समिति के शासनेतर व्यक्तियों को आयोग की और उसकी समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्रथम प्रक्रम (ग्रेड) के अधिकारियों को दिये जानेवाले भत्तों की दर से यात्रा भत्ते और केन्द्रीय सरकार के प्रथम प्रक्रम (ग्रेड–I) के अधिकारियों को विभिन्न स्थानों के लिए अनुमन्य सबसे ऊंची दर से दैनिक भत्ता दिया जायेगा। व्यय राष्ट्रीय अभिलेखागार के आय–व्यय अनुदान (बजट ग्राण्ट) से किया जायेगा । राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, और अन्य संघटक (कान्स्टिट्यूएण्ट) संस्थानों से अपेक्षा की जायेगी कि वे अपने मनोनीत व्यक्तियों के यात्रा भत्तों का व्यय स्वयं करें । केन्द्रीय सरकार के मनोनीत व्यक्तियों से भिन्न शासनेतर सदस्यों, को, जो भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग की किसी भी समिति में काम करने के लिए नियुक्त किये जाये, यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता उसी दर से दिया जायेगा जिस दर से केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त उन शासनेतर सदस्यों को दिया जाता है जो साधारण सदस्यों के रूप में नियुक्त किये जाते हैं ।

रतन चन्द सूद, अवर सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 जुलाई, 1984

संकल्प

सं० ई–11015/33/82–हिन्दी—भारत सरकार ने इस मंत्रालय के दिनांक 14 अगस्त, 1981 संकल्प संख्या ई–11015/1/80–हिन्दी द्वारा गठित इस मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का कार्यकाल 1 अगस्त 1981 से बढ़ाकर 31 जनवरी, 1985 तक करने का निर्णय लिया है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री का कार्यालय, मंत्रिमण्डल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व और लेखा महानिदेशक को भेज दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

विजेन्द्र सिंह जाफा संयुक्त सचिव

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 18 अगस्त, 1984

सं० 10/3/84 के० स० II—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1985 में निम्नलिखित सेवाओं/पदों की अस्थायी रिक्तियों में नियुक्ति के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जाते हैं :—

(i) भारतीय विदेश सेवा (ख)—(आशुलिपि उप-संवर्ग का ग्रेड-II)

(ii) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड ग (उक्त ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित करने हेतु)

(iii) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड ग (इस ग्रेड का चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए)

(iv) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा—ग्रेड ग और

(v) भारत सरकार के कुछ अन्य विभागों/संगठनों तथा सम्बद्ध कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद जो भारतीय विदेश सेवा ख/रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा/केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में सम्मिलित नहीं हैं।

1. उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी एक या एक से अधिक सेवा सम्बन्धित परीक्षा में प्रवेश के लिए कोई भी उम्मीदवार आवेदन कर सकता है। वह इनमें से जितनी सेवाओं/पदों के लिए विचार किए जाने का इच्छुक है उनका उल्लेख अपने आवेदन पत्र में कर सकता है।

टिप्पणी 1—उम्मीदवारों को चाहिए कि वे जिन सेवाओं/पदों के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हों उनका वरीयता क्रम स्पष्ट रूप से लिख दें।

उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट उन सेवाओं/पदों के वरीयता क्रम में परिवर्तन से सम्बद्ध किसी अनुरोध पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक ऐसा अनुरोध रोजगार समाचार में लिखित परीक्षा के परिणामों के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के अन्दर संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्राप्त नहीं हो जाता।

टिप्पणी 2—इस परीक्षा के माध्यम से भर्ती करने वाले कुछ विभागों/कार्यालयों को केवल अंग्रेजी आशुलिपिकों की ही आवश्यकता होगी और इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति केवल उन्हीं उम्मीदवारों में से की जाएगी जिन्हें लिखित परीक्षा तथा अंग्रेजी के आशुलिपिक परीक्षण के आधार पर आयोग द्वारा अनुशंसित किया जाता है (द्रष्टव्य : नियमावली के परिशिष्ट I का पैरा 4)।

2. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में बताई जायेगी। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए पद सरकार द्वारा निश्चित रिक्तियों को देखते हुए आरक्षित रखे जाएंगे।

3. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट I में निर्धारित ढंग से ली जाएगी।

परीक्षा की तारीख और स्थान, आयोग द्वारा निर्धारित किए जायेंगे।

4. (1) उम्मीदवार को या तो—

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ख) नेपाल की प्रजा, या

(ग) भूटान की प्रजा, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(ङ) कोई भारत मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और कीनिया, उगांडा, तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार), पूर्वी अफ्रीका के देशों से या जांबिया, मलावी, जेरे, इथियोपिया और वियतनाम से आया हो।

परन्तु (ख), (ग), (घ) और (ङ) वर्गों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी), प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

परन्तु यह शर्त और कि उपर्युक्त (ख), (ग) और (घ) के वर्गों के उम्मीदवार भारतीय, विदेश सेवा (ख)—आशुलिपिक उप-संवर्ग का ग्रेड (II) से नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

(2) परीक्षा में ऐसे उम्मीदवार को भी, जिसके लिए पात्रता-प्रमाण पत्र आवश्यक हो, परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है परन्तु उसे नियुक्ति प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाण-पत्र दिए जाने पर ही दिया जाएगा।

5. ऐसे किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तीन से अधिक बार बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का नहीं है। किन्तु यह प्रतिबन्ध 1962 में हुई परीक्षा से प्रभावी होगा।

टिप्पणी 1—इस नियम के प्रयोजन के लिए परीक्षा से अभिप्राय है आशुलिपिक परीक्षा, आशुलिपिक (आपातकालीन कमीशन/अल्पकालीन कमीशन प्राप्त निर्मुक्त अधिकारी तथा भूतपूर्व सैनिक) परीक्षा तथा आशुलिपिक (भूतपूर्व सैनिक) परीक्षा।

टिप्पणी 2—यदि कोई उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं/पदों के प्रतियोगिता में बैठे तो इस नियम के प्रयोजन के लिए उस उम्मीदवार को परीक्षा के अन्तर्गत आने वाली सभी सेवाओं/पदों के लिए एक बार प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा माना जाएगा।

टिप्पणी 3—किसी उम्मीदवार को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा तब माना जाएगा, जब वह वास्तव में किसी एक या अधिक विषयों की परीक्षा में बैठा हो।

टिप्पणी 4—उम्मीदवार के परीक्षा में उपस्थित होने को उसके द्वारा लिया गया एक अवसर गिना जाएगा चाहे वह परीक्षा हेतु अयोग्य ठहरा दिया जाए/उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाए।

6. (क) इस परीक्षा में प्रवेश के लिए यह आवश्यक है कि उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी, 1985 को पूरे 18 वर्ष की हो गई हो किन्तु उसकी आयु पूरे 25 वर्ष न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1960 से पहले और 1 जनवरी, 1967 के बाद न हुआ हो।

(ख) उन व्यक्तियों के सम्बन्ध में ऊपरी आयु सीमा में 35 वर्ष की आयु तक छूट दी जा सकती है जो संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों अथवा निर्वाचन आयोग तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग और लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय के अधीन व्यक्तियों सहित, भारत सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में आशुलिपिक (जिनमें भाषा आशुलिपिक भी शामिल हैं)/लिपिक/आशुटंककों के पदों पर नियमित रूप से नियुक्त हैं और 1 जनवरी 1985 को जिन्होंने आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक समेत)/लिपिकों/आशुटंककों के रूप में कम से कम तीन वर्ष निरन्तर सेवा की तथा उक्त पदों पर अभी तक काम कर रहे हैं।

परन्तु उपर्युक्त आयु संबंधी छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पहले ली गई परीक्षाओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी में आशुलिपिकों के रूप में नियुक्त किए जा चुके हैं।

(1) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-ग, या

(2) रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-ग, या

(3) भारतीय विदेश सेवा (ख) आशुलिपिक उपसवर्ग का ग्रेड II, या

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-ग ।

टिप्पणी 1 —डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल डाक छटाईकारों द्वारा की गई सेवा उपर्युक्त नियम 6(ख) के प्रयोजन के लिए लिपिक के ग्रेड में दी गई सेवा मानी जाएगी ।

टिप्पणी 2 — रक्षा प्रतिष्ठानों में नियुक्त सेवा लिपिकों द्वारा की गई सेवा उपर्युक्त नियम 6(ख) के प्रयोजन के लिए नहीं गिनी जाएगी ।

(ग) ऊपर बताई गई अधिकतम आयु-सीमा में निम्नलिखित मामलों में और ढील दी जा सकेगी :—

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक ।

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक ।

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जनजाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक ।

(iv) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से वास्तविक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1954 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का हो और श्रीलंका से वास्तविक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक ।

(vi) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा या संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथियोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक ।

(vii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) से भारत मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति भी है या जाम्बिया, मलावी, जेरे तथा इथियोपिया का भारत मूल का प्रत्यावर्तित व्यक्ति है तो अधिकतम आठ वर्ष तक ।

(viii) यदि उम्मीदवार बर्मा से वास्तविक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक ।

(ix) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और बर्मा से वास्तविक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक ।

(x) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किए गए रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक तीन वर्ष तक ।

(xi) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के हों, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक ।

(xii) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय परिपत्र हो) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण-पत्र है, और जो वियतनाम से जुलाई, 1978 से पहले भारत नहीं आया है, तो उसके लिए अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(xiii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है तथा भारत मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति (भारतीय परिपत्रधारी) है तथा साथ ही वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी आपातकाल प्रमाण पत्र रखने वाला, ऐसा उम्मीदवार है जो वियतनाम से जुलाई 1975 के बाद आया है तो अधिकतम आठ वर्ष तक ।

(xiv) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने पहली जनवरी, 1985 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित है जिनका कार्यकाल पहली जनवरी, 1985 से छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक ।

